## आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–06 जुलाई 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- एसआईटी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंपी हाथरस हादसे की जांच रिपोर्ट। रिपोर्ट में दर्ज हैं डीएम और एसपी समेत करीब सौ लोगों के बयान।
- लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने हाथरस हादसे के पीड़ितों के परिवार वालों से की मुलाकात। पीड़ितों को खुले दिल से मुआवजा देने की सरकार से की अपील।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में अन्नपूर्णा हास्पिटल का किया लोकार्पण। कहा– सौ बेड का एक अस्पताल कम से कम पांच सौ लोगों को देता है रोजगार।
- प्रदेश के लगभग सभी जिलों में रूक–रूक कर वर्षा का सिलसिला जारी। मौसम विभाग ने प्रदेश के नौ जिलों के लिये जारी किया ऑरेंज अलर्ट।

**********

हाथरस भगदड़ में एक सौ इक्कीस लोगों की मौत के मामले की जांच के लिए गठित एसआईटी ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। प्रदेश के पुलिस महानिरीक्षक प्रशांत कुमार और मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कल लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को उनके सरकारी आवास पर पन्द्रह पन्नों की विस्तृत रिपोर्ट सौंपी। रिपोर्ट में डीएम और एसपी समेत करीब सौ लोगों के बयान दर्ज किए गए हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एसआईटी को घटना के चौबीस घंटे के भीतर रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए थे, लेकिन राहत और बचाव कार्य जारी रहने के कारण अधिकारियों ने तीन दिन का समय मांगा था। एसआईटी का गठन हादसे के मूल कारण और लापरवाही और अनदेखियों को उजागर करना था। यह एसआईटी रिपोर्ट एडीजी आगरा अनुपम कुलश्रेष्ठ और अलीगढ़ कमिश्नर चैत्रा वी के नेतृत्व में तैयार की गई है। इस रिपोर्ट में घटनास्थल पर तैनात एक–एक पुलिस तथा अन्य सभी विभागों के कर्मचारी–अधिकारी, प्रारंभिक सूचना वाले कर्मी, एंबुलेंस कर्मी, डॉक्टर, पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर, किसान, चश्मदीद, घायल, तहसील और जिला स्तर के अधिकारी, डीएम–एसपी आदि तमाम लोगों के बयान शामिल हैं।

एसआईटी के सदस्यों ने प्रशासनिक अधिकारियों, आयोजन से जुड़े लोगों और सेवादारों से बात कर भगदड़ के कारणों का पता लगाया है।

हाथरस कांड की जांच के लिए राज्य सरकार द्वारा गठित तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग की टीम बहुत जल्द हाथरस जाएगी और सबूत इकट्ठा करेगी। न्यायिक आयोग की पहली बैठक लखनऊ में इलाहाबाद हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति बृजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आयोग के सदस्य के रूप में नामित रिटायर आईपीएस भावेश कुमार सिंह, आईजी कानून व्यवस्था एलआर कुमार और प्रमुख सचिव संसदीय कार्य मंत्री जेपी सिंह के अलावा अपर मुख्य सचिव गृह और डीजीपी मौजूद रहे। आयोग के अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि दो दिन के भीतर हाथरस जाकर जांच शुरू की जायेगी।

उधर, लोकसभा में विपक्ष के नेता रायबरेली से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कल हाथरस पहुंचकर भगदड़ में मारे गए पीड़ितों के परिवार वालों से मुलाकात की। पीड़ित परिवारों से मिलने के बाद राहुल गांधी ने कहा कि हादसे से बड़ी संख्या में परिवार प्रभावित हुए हैं। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से खुले दिल से मुआवजा देने का अनुरोध किया। इससे पहले तीन जुलाई को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी हाथरस का दौरा किया था। उन्होंने अस्पताल में पीड़ित और उनके परिवारों से मुलाकात की थी।

**********

नीति आयोग की ओर से चलाए जा रहे सम्पूर्णता अभियान में प्रदेश के आठ जिलों और अड़सठ विकास खंडों को शामिल किया गया है। तीन महीने तक चलने वाला सम्पूर्णता अभियान तीस सितंबर को समाप्त होगा। अभियान के तहत कल ललितपुर के आकांक्षी ब्लॉक मड़ावरा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अभियान में छह प्रमुख संकेतकों पर आधारित मानकों को हासिल करने के लिए आकांक्षी जिलों और प्रखंडों में काम किए जाएंगे। उधर, पीलीभीत जिले के आकांक्षी विकास खंड पूरनपुर में नीति आयोग के संपूर्णता अभियान का शुभारंभ भाजपा विधायक बाबूराम पासवान ने किया। इस अवसर पर विधायक ने सभी विभागों के अधिकारियों से मिलकर काम करने और तीन माह के तय समय में लक्ष्य प्राप्त करने के लिये प्रोत्साहित किया। देवरिया के आकांक्षी विकास खंड गौरी बाजार में संपूर्णता अभियान का शुभारंभ कल मुख्य विकास अधिकारी प्रत्युष पांडेय की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि नीति आयोग की उपाध्यक्ष आयुषी मेहता ने की। इस मौके पर संबंधित छह इंडिकेटर्स पर तीन माह में शत–प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने की शपथ दिलाई गई। चंदौली में जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे ने कल संपूर्णता अभियान का शुभारंभ किया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल गोरखपुर में अन्नपूर्णा हास्पिटल का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज के लिये शिक्षा जितनी महत्वपूर्ण है, उत्तम आरोग्य का केन्द्र भी उतना ही महत्वपूर्ण हो चुका है। उन्होंने कहा कि एक सौ बेड का अस्पताल कम से कम पांच सौ लोगों को रोजगार उपलब्ध कराता है।

***हास्पिटल कम से कम 5 सौ लोगों को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार देता है 5 सौ लोगों का यह रोजगार एक मायने रखता है, यानी 5 सौ परिवार एक उस हास्पिटल पर निर्भर हो करके अपनी आजीविका का संचालन भी करते हैं यानी सेवा भी हो गई स्वावलम्बन भी उसके साथ जुड़ गया। इस व्यवस्था को आगे बढ़ाने के लिये राजकीय समन्वयन मैं मानता हूं कि एक गरीब से गरीब व्यक्ति भी चाहता है कि उसको अच्छी चिकित्सा सुविधाएं प्राप्त हो। आयुष्मान भारत जैसी योजनाएं प्रधानमंत्री मोदी जी ने प्रारम्भ की है। 2019 से लाखों लोगों ने इस सुविधा का लाभ लिया। करोड़ों लोग देश के अन्दर आज इस सुविधा से लाभान्वित हो रहे हैं।***

इसके अलावा मुख्यमंत्री ने कल गोरखपुर के हनुमान प्रसाद पोद्दार कैंसर अस्पताल एवं शोध संस्थान में कैंसर मरीजों के लिए लाई गई नई रेडिएशन मशीन का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री ने खुशी जताई कि गोरखपुर में भी कैंसर मरीजों के लिए नई आधुनिक मशीन लाई गई है, जिससे कैंसर के मरीजों को इलाज में काफी मदद मिलेगी। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने स्वयंसेवी संस्थाओं ने चिकित्सा क्षेत्र में आगे आने की और इसे लेकर सरकारी सेवाओं पर निर्भरता कम करने की अपील की।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल बस्ती पहुंच कर मंडलीय समीक्षा बैठक की। इस बैठक से संतकबीरनगर और सिद्धार्थनगर के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़े। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बस्ती के विकास, कानून व्यवस्था के साथ बाढ़ और कावड़ यात्रा के बारे में जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियो को निर्देश दिया कि त्योहारों में सतर्कता बरतने के साथ बांधो की मरम्मत पर विशेष ध्यान दिया जाये और बाढ़ से निपटने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली जायें। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने वृक्षारोपण अभियान की शुरूआत भी की।

**********

नीट–पीजी प्रवेश परीक्षा दो हजार चौबीस अगले महीने की ग्यारह तारीख को दो पालियों में आयोजित की जाएगी। आयुर्विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड ने कल परीक्षा का संशोधित कार्यक्रम जारी कर दिया है। इस परीक्षा को पिछले महीने परीक्षा की निर्धारित तिथि से एक दिन पहले स्थगित कर दिया गया था। यह निर्णय कुछ प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता को लेकर लगे आरोपों को ध्यान में रखते हुए लिया गया था। उधर, बोर्ड ने आज आयोजित होने वाले फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एक्जामिनेशन– दो हजार चौबीस के अभ्यर्थियों को सलाह जारी की है कि वह सोशल मीडिया के माध्यम से प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने की अफवाहों पर ध्यान न दें। इसे लेकर किसी भी जालसाज के बहकावे में न आवें। यदि कोई भी व्यक्ति या अभ्यर्थी ऐसी किसी गतिविधि में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से संलिप्त पया जाता है तो उसके खिलाफ बोर्ड कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करेगा।

**********

प्रदेश में मानसून पूरी तरह से सक्रिय है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के लगभग सभी जिलों में बीते तीन दिन से आसमान में घने बादल छाये हुए हैं और रूक–रूक कर गरज–चमक के साथ वर्षा का सिलसिला जारी है। अधिक वर्षा के चलते कई जिलों में जल–जमाव की स्थिति बन रही है। बारिश के कारण गोण्डा, श्रावस्ती, संतकबीरनगर और गोरखपुर में आठवीं तक के स्कूल आज बंद रहे। उधर, मौसम विभाग ने अगले दो–तीन दिन तक बादलों के बने रहने और रूक–रूक कर वर्षा होते रहने का पूर्वानुमान जताया है। मौसम विभाग ने बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, शाजहांपुर, पीलीभीत, बरेली और रामपुर में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

**********